राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल श्री बागडे दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेले पहुंचे

## एनबीटी के अध्यक्ष प्रो. मिलिंद सुधाकर और निदेशक श्री युवराज मलिक ने किया अभिनंदन

## राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की पुस्तक–पाठक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों की सराहना की

जयपुर, 6 फरवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे गुरुवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में पहुंचे। उन्होंने वहां देशभर के प्रकाशकों की प्रदर्शित पुस्तकों के स्टॉलों का अवलोकन किया और अपनी पसंद की पुस्तकें भी खरीदी। उन्होंने राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा मेले में आयोजित विभिन्न गतिविधियों को देखकर मुक्त कंठ से उसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि पुस्तक पाठक सरोकारों की दृष्टि से विश्व पुस्तक मेले का आयोजन महती पहल है।

विश्व पुस्तक मेले में पहुंचने पर राज्यपाल श्री बागडे का राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के अध्यक्ष प्रो. मिलिंद सुधाकर मराठे और निदेशक कर्नल युवराज मलिक ने अभिनंदन किया। राज्यपाल को एनबीटी की ओर से भारतीय संविधान की मूल प्रति पर उकेरे चित्रों और उनके वर्णन संबंधित स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया।

राज्यपाल ने विश्व पुस्तक मेले में 'भारतः गणतंत्र@75 की थीम पर आधारित मंडप, भारतीय ज्ञान परम्परा और नई शिक्षा नीति, अंतरराष्ट्रीय मंडप में फोकस देश 'रूसी सघ' के मंडप 'रूस से आई पुस्तकें' भी देखी और भारतीय ज्ञान के आलोक में पुस्तक मेले के विस्तार के लिए एनबीटी के किए प्रयासों की सराहना की।

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के निदेशक श्री युवराज मलिक ने राज्यपाल को विश्व पुस्तक मेले में लेखकों से संवाद और बच्चों को पुस्तकों से जोड़ने के प्रयासों के साथ पुस्तक संस्कृति के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों और न्यास द्वारा प्रकाशित सद्य पुस्तकों के बारे में जानकारी दी। निदेशक श्री मलिक ने राज्यपाल को राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की पुस्तकों का सेट भी भेंट किया।

―――――

'Safer Internet' for children in Digital India Bill
Free Press Journal
Policy Opens Floodgates for Private Sector
विकास का सूत्र आत्मनिर्भर भारत
India's constitutional journey in 7 decades
History, in one stroke
THE INDIAN EXPRESS
Indian Express' blank editorial was a powerful stand for freedom of speech and expression during the emergency, 1975
1983 में भारत की वो शानदार जीत
तोड़ दिया था विंडीज का घमंड!
LOOKING BACK

AUTHORS' CORNER 1-9 FEBRUARY
विश्व पुस्तक मेला
1-9 फरवरी 2025 | भारत मंडपम, नई दिल्ली
हम, भारत के लोग...
We, the People of India...
Movie Screening
Pictionary
Drawing & Colouring Contests
Caricature & Cartoon Designing

शिक्षा मंत्रालय
भारत सरकार
नई दिल्ली
विश्व
पुस्तक मेला
1-9 फरवरी 2025 | भारत मंडपम, नई दि
CORNER
Fun Filled Sessions... All day long!
Storytelling Session
Children Authors' Meet
Movie Screening
Pictionary
Quizzes
Meet your favourite Cartoon Characters
Magic of Science
Calligraphy Workshop
Vedic Maths & GMath
Bharatnatyam Performance
...and many more...
Hall No. 6, Bharat Mandapam
10.30am onwards

दुनियाभर की मांग को पूरा करेगा भारत
का सेमीकंडक्टर उद्योग: एस जयशंकर